**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न 418**
**मंगलवार, 22 जुलाई, 2025/31 आषाढ़,1947 (शक) को उत्तरार्थ**

**क्विक कॉमर्स फर्मों के समझौता ज्ञापन**

418. **श्रीमती माला राज् यलक्ष् मी शाहः**
**श्रीमती हिमाद्री सिंहः**
**श्री नारायण तातू राणेः**
**श्री पी. सी. मोहनः**
**श्री विजय कुमार दूबेः**
**श्री लुम्बाराम चौधरीः**
**श्री कृपानाथ मल्लाहः**
**श्री भोजराज नागः**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सहकारिता मंत्रालय और स्विग्गी इंस्टामार्ट के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) किस प्रकार देश भर में सहकारी उत्पादों के लिए डिजिटल बाजार तक पहुंच को बढ़ाने में योगदान देगा;

(ख) स्विग्गी पर डेयरी, जैविक उत्पाद, मोटे अनाज और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों के लिए एक समर्पित "सहकारी" श्रेणी होने के अपेक्षित लाभ क्या हैं;

(ग) क्या सरकार विशेषकर कर्नाटक राज्य और बेंगलुरु में अन्य त्वरित वाणिज्य कंपनियों के साथ ऐसे किसी और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रही है; और

(घ) कर्नाटक राज्य और बेंगलुरू में वर्तमान में चल रहे पायलट प्रोजेक्ट, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
(**श्री अमित शाह**)

(क) और (ख) जी हाँ मान्यवर, सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी उत्पादों के डिजिटल और बाजार एकीकरण को बढ़ाने, नीतिगत चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने और सहकारी क्षेत्र के साथ उपभोक्ता जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 25.04.2025 को स्विग्गी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य भारतीय सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देना और 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करना है ।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सहकारी उत्पादों, विशेष रूप से डेयरी और जैविक क्षेत्र में, डिजिटल एकीकरण और बाजार पहुंच को बढ़ाने के लिए MoC और स्विग्गी के बीच एक रणनीतिक

साझेदारी स्थापित करना और डिजिटल मार्केटिंग, लॉजिस्टिक्स और उपभोक्ता प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहकारी समितियों के लिए क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करना है ।

समझौता ज्ञापन के दायरे में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. स्विग्गी, सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से, भारत में सहकारी आंदोलन/संगठनों/उत्पादों के लिए जागरूकता अभियान चलाएगा ।
ii. सहकारी डेयरी उत्पादों को शामिल करने को प्रोत्साहित करना तथा सहकारी समितियों के लिए स्विग्गी के इंस्टामार्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से पसंदीदा पहुंच के लिए समर्थन प्रदान करना ।
iii. स्विग्गी, मंत्रालय के सहयोग से, विपणन, प्रचार, उपभोक्ता प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण प्रयासों के क्षेत्रों में सहकारी ब्रांडों का समर्थन करेगा ।
iv. स्विग्गी अपने प्लेटफॉर्म पर एक अलग सहकारी श्रेणी बनाएगा, जिसमें ऑर्गेनिक्स, डेयरी, बाजरा, हस्तशिल्प आदि जैसे उत्पादों के लिए सहकारी संगठनों द्वारा प्रचारित ब्रांडों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा ।

इस पहल से डिजिटल पहुंच बढ़ेगी, संधारणीय विकास के अवसर पैदा होंगे, डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहकारी समितियों का प्रभाव अधिकतम होगा, तथा पारस्परिक रूप से सहमत परियोजनाओं के माध्यम से सहकारी समितियों के लिए क्षमता निर्माण होगा ।

(ग) और (घ) सहकारिता मंत्रालय और स्विग्गी लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत, NCOL द्वारा 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड के जैविक उत्पादों को स्विग्गी इंस्टामार्ट के माध्यम से बैंगलोर (कर्नाटक), चंडीगढ़ और हैदराबाद (तेलंगाना) में लॉन्च करने की योजना है ।

*****